श्रावण मास, कृष्ण पक्ष 1 वर्ष, अंक 30, पृष्ठ 4, मूल्य 1.00

# अखण्ड भारत सन्देश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार, 5 सितम्बर, 2020

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान की एक अनुपम भेंट

# योगी सरकार कुपोषित परिवारों को देगी गाय व 900 रुपये प्रतिमाह

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय पोषण माह को लेकर शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों को दिया निर्देश

**लखनऊ, जेएनएन।** पोषण के स्तर को बेहतर करने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे कुपोषित परिवारों, जिनके पास गाय रखने का स्थान उपलब्ध होने के साथ वे गौ-पालन के इच्छुक हों, उन्हें निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों से गाय उपलब्ध कराने का जिलों के प्रशासन को निर्देश दिया है। गाय के भरण-पोषण के लिए प्रति गाय प्रतिमाह 900 रुपये भी देने के लिए कहा है। यह व्यवस्था 'माननीय मुख्यमंत्री निराश्रित/बेसहारा गोवंश सहभागिता योजना' के तहत की जाएगी। उन्होंने ऐसे परिवारों को अच्छे से अच्छा पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन्हें किचन गार्डन विकसित करने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करने पर भी जोर दिया है। राष्ट्रीय पोषण माह को लेकर शुक्रवार को लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों को यह निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने बहराइच,





बलरामपुर, लखीमपुर खीरी और बाराबंकी जिलों के पोषण कार्यक्रम के लाभार्थियों और उनके अभिभावकों से बातचीत कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। अभिभावकों से संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने उनके बच्चों की उम्र, पैदाइश के समय और वर्तमान वजन, स्वास्थ्य, उन्हें दिये जा रहे पोषाहार, टीकाकरण आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुपोषित व अतिकुपोषित बच्चों को चिन्हित करके उन्हें समय से पोषण संबंधी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बच्चों के साथ कुपोषित मां को भी चिन्हित कर योजनाओं का लाभ देने के लिए कहा। कुपोषित परिवारों के बेरोजगार लोगों को राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाओं के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। पोषण के साथ टीकाकरण कार्यक्रम को भी समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ाया जाए।

नियमित समीक्षा पर जोर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जिला स्तर पर कार्यक्रम की साप्ताहिक और मंडलायुक्तों को पाक्षिक समीक्षा करने का निर्देश दिया। समीक्षा की रिपोर्ट विभाग के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय को भी भेजने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की विभागीय और मुख्य सचिव के स्तर पर मासिक समीक्षा हो।

आठ लाख कुपोषित बच्चे किये जाएंगे चिन्हित : कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव महिला कल्याण एवं बाल विकास एस. राधा चौहान ने बताया कि राजकीय शोक के कारण इस साल राष्ट्रीय पोषण माह सात सितंबर से शुरू किया जा रहा है। निदेशक राज्य पोषण मिशन कपिल सिंह ने राष्ट्रीय पोषण माह के बारे में एक प्रस्तुतीकरण भी किया। बताया कि पोषण माह की टैग लाइन 'उत्तम पोषण-उत्तर प्रदेश रोशन' है।

# LAC पर हालात नाजुक और गंभीर, हर चुनौती के लिए सेना तैयार

## आर्मी चीफ ने अग्रिम चौकी पर विभिन्न स्थानों का दौरा किया, उन्होंने अधिकारियों और जेसीओ से बात की और तैयारियों का लिया जायजा

**जम्मू, जेएनएन ।** चीन के साथ नए सिरे से बढ़े तनाव के बीच थलसेना अध्यक्ष जनरल एमएम नरवाने लद्दाख दौरे पर हैं। इस दौरान उन्होंने सेना की तैयारियों का जायजा लिया। सेना प्रमुख ने कहा कि पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर हालात नाजुक है और भारतीय सेना ने चीन की चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। क्षेत्र में सेना की उचित तैनाती की गई है व अधिकारी व जवान हर प्रकार के हालात का सामना करने के लिए सक्षम हैं।

दो दिवसीय दौरे के दूसरे दिन लेह में मीडिया से बातचीत में थलसेना प्रमुख ने कहा कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन की हरकतों को देखते हुए सुरक्षा को पुख्ता बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए गया है। ऐसे में हर हाल में सुरक्षा की स्थिति बरकरार रहेगी। बता दें कि चीन द्वारा पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे पर यथास्थिति को एकतरफा बदलने की विफल कोशिशों के कारण हालात तनावपूर्ण हैं। चीन की हरकतों को देखते हुए भारत ने इस क्षेत्र में अतिरिक्त बल और हथियारों की तैनाती को बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि इस समय अग्रिम इलाके में सेना के अधिकारी व जेसीओ बुलंद हौसले के साथ चुनौतियों का सामना



करने की मुहिम पर हैं। उनसे मिलने के बाद मुझे पूरा यकीन है कि वे हर हाल में देश व सेना का नाम रोशन करेंगे। दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार को आर्मी चीफ ने अग्रिम इलाकों का दौरा कर चीन की साजिशों को नाकाम बनाने के लिए की गई ऑपरेशनल तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर चीन की चुनौतियों का सामना कर रहे जवानों से भी बातचीत की। आर्मी चीफ शुक्रवार को पूर्वी लद्दाख के फील्ड कमांडरों से सेना की रणनीति पर विचार-विमर्श करने के बाद दिल्ली लौट जाएंगे।

पैगोंग त्सो झील के करीब चीन सेना की घुसपैठ को नाकाम बनाने से वास्तविक नियंत्रण रेखा के मौजूदा हालात पर सेना प्रमुख ने चौदह कोर के कोर कमांडर व अन्य फील्ड कमांडरों से बैठक भी की थी। आर्मी चीफ के दो दिवसीय दौरे से पूर्वी लद्दाख में सेना व जवानों का हौसला दोगुना हो गया है। इस समय बुलंद हौसले के साथ चीन के सामने खड़ी भारतीय सेना ने पैगोंग त्सो झील के निकट रणनीतिक रूप से अहम ब्लैक टॉप चोटी पर कब्जा किया है। उंचाई वाले इस इलाके में भारतीय सेना की मौजूदगी चीन के घातक है।

**भारत ने सामरिक महत्व के ठिकानों पर अपनी मौजूदगी बढ़ाई**

सोमवार को भारतीय सेना ने बताया था कि चीनी सेना ने 29-30 अगस्त की रात पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे पर यथास्थिति को बदलने की 'एकतरफा' कोशिश में 'उकसावे वाली सैन्य गतिविधियां' कीं, लेकिन भारतीय सैनिकों ने चीन की कोशिशों को विफल कर दिया। इस घटना के बाद भारतीय सेना ने पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे पर स्थित ऊंचाई वाले कम से कम तीन सामरिक महत्व के ठिकानों पर अपनी मौजूदगी बढ़ा दी है। सूत्रों ने बताया कि एलएसी से लगे भारतीय क्षेत्र में पैंगोंग झील के उत्तरी किनारे पर भी एहतियाती तौर पर सैनिकों की तैनाती का 'पुनर्नियोजन' किया गया है।

# रिया चक्रवर्ती के छोटे भाई शौविक और सुशांत के पूर्व हाउस मैनेजर सैम्युअल गिरफ्तार

**मुंबई, एजेंसी।** फिल्म स्टार सुशांत सिंह राजपूत केस में सीबीआई जांच का शुक्रवार को 15वां दिन था। इस मामले में ड्रग ऐंगल की जांच कर रही नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने बड़ी कर्रवाई की। नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने आज देर शाम रिया चक्रवर्ती के छोटे भाई शौविक चक्रवर्ती एवं सुशांत के पूर्व हाउस मैनेजर सैम्युअल मिरांडा को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले सुबह 6.30 बजे रिया चक्रवर्ती और सैमुअल मिरांडा के घर एनसीबी ने छापेमारी की। रिया के घर एनसीबी की टीम करीब 4 घंटे तक रही। एनसीबी की टीम रिया के भाई शौविक को पूछताछ के लिए अपने साथ लेकर गई थी। वहीं, दूसरी टीम ने NDPS ऐक्ट के तहत सैमुअल मिरांडा को हिरासत में लिया। बीते दिनों रिया चक्रवर्ती और सुशांत के स्टाफ के कई लोगों के ड्रग चैट्स सामने आए थे।



सुशांत सिंह राजपूत की मौत के केस से जुड़े ड्रग तस्करी मामले में दो दिन पहले गिरफ्तार किए गए ड्रग पेडलर अब्दुल बासित को एनसीबी ने कोर्ट में पेश किया। इससे पहले जैद विलात्रा को स्थानीय मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत ने गुरवार को 9 सितंबर तक के लिए नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की हिरासत में भेजा। सुशांत के पिता के वकील विकास सिंह ने कहा कि मनोचिकित्सक आजकल टीवी चैनलों पर आकर बोल रहे हैं ये बहुत गलत है क्योंकि ये क्लाइंट की गोपनीयता का सवाल है। मुझे लगता है कि ये एक तरह से जांच में हस्तक्षेप है इसलिए इस तरह से मामलों की टीवी पर चर्चा न करें तो बेहतर है। NCB के डिप्टी डीजी मुथा अशोक जैन ने बताया कि आज सुबह दो जगह सर्च की गई एक शौविक और दूसरी सैमुअल मिरांडा के आवास पर। सीनियर अधिकारी सर्च के दौरान मौजूद थे। दोनों को NDPS एक्ट के सेक्शन 67 के अंतर्गत नोटिस भेजकर जांच में शामिल होने के लिए कहा गया है।

# सरकारी महकमों में नई नौकरी पर लगा प्रतिबंध वित्त मंत्रालय ने जारी किया निर्देश

## यह रोक सभी मंत्रालयों विभागों उनसे जुड़े कार्यालयों व उनके अधीनस्थ कार्यालयों वैधानिक संस्थाओं व स्वायत्त संस्थाओं के लिए होगी

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली।** कोरोना की वजह से वर्तमान वित्तीय हालात को देखते हुए केंद्र सरकार ने सभी विभागों में नए पदों के सृजन पर रोक लगा दी है। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग की तरफ से जारी निर्देश के मुताबिक यह रोक सभी मंत्रालयों, विभागों, उनसे जुड़े कार्यालयों व उनके अधीनस्थ कार्यालयों, वैधानिक संस्थाओं व स्वायत्त संस्थाओं के लिए होगी। वित्त मंत्रालय के मुताबिक इस प्रतिबंध के तहत वे सभी संस्थाएं आएंगी जिन्हें रिक्तियां सृजन का अधिकार है। वित्त मंत्रालय के मुताबिक अगर रिक्तियां सृजन करने के अधिकार के तहत किसी विभाग ने बिना व्यय विभाग की अनुमति के इस साल एक जुलाई के बाद किसी पद को भरने के लिए पद निकाले हैं और उसे अब तक भरा नहीं गया है तो अब उस पद को भरा नहीं जाएगा। रिक्तियां निकालने वाला विभाग अगर यह मानता है कि उस पद को भरा जाना अति आवश्यक है तो उस प्रस्ताव को व्यय विभाग के पास भेजा जा सकता है। व्यय विभाग ने अन्य कई प्रकार के खर्चो में भी कटौती की घोषणा की है। इसके तहत किसी भी आयातित पेपर पर किसी प्रकार के दस्तावेज की छपाई नहीं होगी। शिलान्यास जैसे समारोह पर होने वाले खर्च में कटौती की जाएगी और ऐसे समारोह के मौके पर यात्राओं पर होने वाले खर्च भी खत्म किए जाएंगे।

## लखनऊ : आय से अधिक संपत्ति के मामले में उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के सेवा प्रबंधक गिरफ्तार

**लखनऊ, जेएनएन।** भ्रष्टाचार के मामले में विजिलेंस ने शुक्रवार को एक बड़ी कार्यवाई की। आय से अधिक संपत्ति के मामले में टीम ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के सेवा प्रबंधक रमेश कुमार को कैसरबाग स्थित परिवहन निगम मुख्यालय के पास से गिरफ्तार कर लिया। रमेश कुमार पर आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा बांदा कोतवाली में दर्ज था। गिरफ्तार आरोपित रमेश कुमार को वजीरगंज पुलिस ने न्यायालय में दाखिल किया गया। उसके बाद रमेश को जेल भेज दिया गया। जानकारी के मुताबिक रमेश कुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मुकदमा बांदा कोतवाली में जुलाई 2009 में दर्ज किया गया था। जिसकी जांच विजिलेंस द्वारा की जा रही थी। रमेश कुमार बांदा में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम चित्रकूट क्षेत्र में सेवा प्रधंक के पद पर तैनात थे। रमेश कुमार ने वर्ष 2009 से 2013 के बीच लोक सेवक के पद पर कार्यरत रहते हुए अपनी आय के ज्ञात स्त्रोतों से कुल 16,91,169 की आय अर्जित की। इस अवधि में उन्होंने 23,09,587 रुपये खर्च किया। जबकि कुल आए 16,91,169 रुपये थी। रमेश कुमार आय से अधिक खर्च की गई संपत्ति 6,18,418 रुपये का ब्योरा नहीं दे सके। विजिलेंस की जांच में कुल आय से रमेश कुमार की संपत्ति 36.56 फीसद अधिक पायी गई थी। जांच में दोषी होने पर बांदा कोतवाली में रमेश कुमार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके बाद उनकी तैनाती लखनऊ परिवहन निगम मुख्यालय में हो गई। विजिलेंस की रिपोर्ट पर शासन से अभियोजन की स्वीकृति के बाद शुक्रवार को टीम ने वजीरगंज पुलिस की मदद से रमेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया।

## दो ग्रामीणों को अगुआ कर नक्सलियों ने कर दी हत्या, सड़क पर मिली लाश

**दंतेवाड़ा, हिमांशु।** छत्तीसगढ़ के घूर नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में फिर से नक्सलियों ने एक कायराना वारदात को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने यहां गांव से दो निहत्थे ग्रामीणों को अगुआ किया और उनकी हत्या कर दी। इस घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने दोनों के शव सड़क किनारे फेंक दिए। क्षेत्र में लोगों के अंदर भय कायम करने के मकसद से नक्सली लगातार इस तरह की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। पिछले दिनों दंतेवाड़ा और बीजापुर जिले में दो पुलिस वालों को भी नक्सलियों ने अगुआ कर इसी तरह उनकी हत्या कर दी थी। किरंदुल थाना इलाके में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी है। शव सुबह हिरोली और डोकापारा के बीच जंगल में मिला। वहां से गुजर रहे ग्रामीणें ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों मृतकों की पहचान की। मृतकों का नाम अशोक और बंडारा कुंजाम बताया जा रहा है जो उसी गांव के रहने वाले थे।

## भारत में कोरोना वायरस मामले 39 लाख के पार, पिछले 24 घंटे में सामने आए 83,341 नए मामले, 1,096 की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में एक दिन में कोरोना वायरस संक्रमण के 83 हजार से अधिक नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही संक्रमण के कुल मामलों की संख्या 39 लाख को पार कर गई है। वहीं, देश में अब तक 30 लाख 37 हजार 152 लोग उपचार के बाद संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। इसके चलते ठीक होने की दर 77.15 फीसद हो गई है वहीं कोरोना से मृत्यु दर घटकर 1.75 फीसद हो गई है। आइसीएमआर से मिली जानकारी के अनुसार अब तक 4 करोड़ 66 लाख 79 हजार 145 नमूनों की जांच की जा चुकी है। गुरूवार को एक दिन में 11 लाख 69 हजार 769 नमूनों की जांच की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार देश में कोरोना संक्रमण के 83,341 नए मामले सामने आए। वहीं इस दौरान 1,096 और लोगों की मौत के साथ मरने वालों की संख्या 68,472 हो गई है। अब तक 30,37,152 लोग इस बीमारी को मात देकर स्वस्थ हो चुके हैं। आंकड़ों के अनुसार देश में फिलहाल 8,31,341 सक्रिय मामले हैं। जो कुल मामलों के 21.11 फीसद हैं। देश ने लगातार दूसरे दिन 80,000 से अधिक कोरोना वायरस के नए मामले दर्ज किए गए हैं। जॉन्स हॉपकिन्स विश्वविद्यालय के अनुसार, कोरोना वायरस के मामलों और मौतों के में अमेरिका और ब्राजील के बाद भारत तीसरा सबसे प्रभावित देश है। 7 अगस्त को देश में कोरोना पीड़ितों की संख्या 20 लाख के पार हुई थी जबकि 23 अगस्त को यह संख्या 30 लाख के पार हो गई।

24 घंटों के दौरान जिन 1,096 और लोगों की मौत की जानकारी मिली उनमें अकेले महाराष्ट्र में 391 लोगों ने जान गंवाई। इसी तरह कर्नाटक में 104, तमिलनाडु में 92, उत्तर प्रदेश में 75, आंध्र प्रदेश में 75, पंजाब में 72, बंगाल में 55, मध्य प्रदेश में 30, बिहार में 26, दिल्ली में 19, हरियाणा में 19, छत्तीसगढ़ में 16, गुजरात में 16, राजस्थान में 14, जम्मू-कश्मीर में 11, केरल में 10, तेलंगाना में 10, उत्तराखंड में 9, गोवा में 8, ओडीसा में 8, असम में 7, पुडुचेरी में 7, झारखंड में 6, हिमाचल में 5, चंडिगढ़ में चार, मनिपुर में तीन, त्रिपुरा में तीन, अंडमान में एक की जान गई।

# बिहार के साथ ही होंगे 65 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव, चुनाव आयोग ने लिया फैसला

**नई दिल्ली, एएनआइ।** कोरोना वायरस महामारी के बीच आज चुनाव आयोग ने देश में चुनाव आयोजित करने को लेकर एक बड़ी घोषणा की है। चुनाव आयोग ने देश भर में एक साथ बिहार विधानसभा और 65 सीटों पर उपचुनाव कराने जाने का फैसला लिया है।चुनाव आयोग के मुताबिक, आयोग ने एक समय के आस पास सभी 65 सीटों पर उपचुनाव और बिहार का विधानसभा चुनाव कराने का निर्णय लिया है। चुनाव आयोग ने एक समय पर बिहार विधानसभा और 65 सीटों पर उपचुनाव कराने के फैसले को लेकर एक ठोस वजह बताई है।




आयोग के मुताबिक, उन्हें एक साथ जोड़ने के प्रमुख कारकों में से एक सीएपीए/अन्य कानून और व्यवस्था बलों और चुनाव से जुड़े अन्य लॉजिटिक्स के एक साथ काम इस्तेमाल करना है। चुनाव की तारीखों को लेकर हो रहे सवालों पर भी चुनाव आयोग ने तस्वीर साफ की है। आयोग ने कहा, बिहार विधानसभा चुनाव और साथ ही उपचुनावों के तारीखों का ऐलान आयोग द्वारा उचित समय पर कर दिया जाएगा। इससे पहले देश में कोरोना वायरस महामारी के दौरान चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग ने विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए थे, जिनमें कुछ मानकों के साथ रैलियों और घर-घर प्रचार की अनुमति प्रदान कर दी गई है। इसके अलावा मतदान के दौरान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) के बटन दबाने के लिए वोटरों को ग्लव्स (दस्ताने) उपलब्ध कराए जाएंगे जो संभवतः डिस्पोजेबल होंगे।

बिहार विधानसभा का कार्यकाल 29 नवंबर तक है। राज्य में उससे पहले चुनाव और नई सरकार का गठन होना है। अगर कम चरणों में मतदान होता है तो आयोग आसानी से मतदान की तिथियों को नवंबर के दूसरे सप्ताह तक खींच सकता है। कोरोना काल मे इससे थोड़ा वक्त भी मिलेगा और बहुत लंबी प्रक्रिया से भी राहत मिलेगी।सामान्यतया कई चरणों में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के लिए इस बार संभवतः अधिकतम दो चरणों में मतदान कराया जा सकता है।

## तमिलनाडुः कुड्डालोर की पटाखा फैक्टरी में धमाका, हादसे में सात लोगों की मौत

**कुड्डालोर , एएनआइ।** तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले की एक पटाखा फैक्टरी में धमाका हुआ है। इस धमाके में सात लोगों की मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक हादसे में तीन लोग जख्मी भी हुए हैं, जिनको अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि विस्फोट में मरने वालों में पांच महिलाएं भी शामिल हैं। यह घटना कटुमन्नारकोली के कुरुंगुडी गांव में हुई। धमाके का वजह से इमारत पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। पटाखा फैक्टरी में हुए धमाके की वजह पता लगाने के लिए जांच अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। यह हादसा कुड्डालोर जिले के कट्टूमन्नारकोली में है, यह जगह राजधानी चेन्नई से 190 किलोमीटर दूर है। जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस दौरान जोरदार धमाके से पूरा इलाका दहशत में आ गया। कई किलोमीटर तक विस्फोट की आवाज सुनी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे में 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। सभी मृतकों के शवों को बरामद कर लिया गया है। घायलों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। राहत और बचाव कार्य अभी जारी है। कहा जा रहा है कि हादसे में मारे गए लोगों की संख्या अभी और बढ़ सकती है।

# पूर्वी लद्दाख में जारी तनाव के बीच चीनी रक्षा मंत्री से आज मुलाकात कर सकते हैं राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली, प्रेट्र।** पूर्वी लद्दाख में बढ़े तनाव के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज चीनी रक्षा मंत्री वी फेंघे से मुलाकात कर सकते हैं। समाचार एजेंसी पीटीआइ ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार शाम मॉस्को में चीनी समकक्ष वी फेंघे के साथ शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के एक मंत्रिस्तरीय बैठक के मौके पर बातचीत कर सकते हैं। एक सूत्र ने कहा कि बैठक होने की संभावना है।

गौरतलब है कि राजनाथ सिंह और चीनी रक्षा मंत्री के बीच होने वाली यह बैठक चीनी रक्षा मंत्री द्वारा अनुरोध के बाद हो रही है। चीन के रक्षा मंत्री जरनल वी फेंघे ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक से इतर भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलने की इच्छा जाहिर की थी। चीनी पक्ष ने भारतीय मिशन के समक्ष यह इच्छा व्यक्त की।

मई की शुरूआत में पूर्वी लद्दाख में सीमा रेखा पर तनाव बढ़ने के बाद दोनों पक्षों के बीच यह पहली उच्च स्तरीय बैठक होगी, हालांकि, इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ टेलीफोन पर बातचीत की थी। बता दें कि भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और चीनी रक्षा मंत्री वी फेंघे एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए फिलहाल



मॉस्को में हैं। आज मॉस्को में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की एक बैठक होने वाली है।

पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे पर 29-30 की दरियानी रात और 31 अगस्त की रात चीनी सेना की ओर से घुसपैठ की कोशिश के कारण बढ़े तनाव बाद से ही भारत और चीन के बीच तल्खियां जारी है। भारत पैंगोंग झील के उत्तरी इलाकों से चीन को अपने सैनिकों को पीछे हटाने के लिए कह रहा है। चीन की कारस्तानी के कारण ही ब्रिगेडियर स्तर की पहले चार दिन हुई वार्ता में कोई हल नहीं निकल पाया। गुरुवार को पांचवें दिन की बैठक से भी किसी तरह के नतीजों के संकेत नहीं मिले हैं। ऐसे में दोनों देशों के बीच हालात और बिगड़ रहे हैं। पूर्वी लद्दाख में पैंगोंग झील के दक्षिणी किनारे में भारतीय क्षेत्र पर चीनी कब्जे के असफल प्रयास के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है। यह ऐसे समय में हुआ जब दोनों देश सीमावर्ती सीमा पर गतिरोध को सुलझाने के लिए कूटनीतिक और सैन्य वार्ता में लगे हुए थे। भारत ने पैंगोंग झील के दक्षिणी तट पर कई सामरिक ऊंचाइयों पर कब्जा कर लिया और किसी भी चीनी कार्रवाई को विफल करने के लिए क्षेत्र में फिंगर 2 और फिंगर 3 क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति को मजबूत किया। भारत के इस कदम पर चीन ने कड़ी आपत्ति जताई है।

चीन के साथ जारी तनाव के बीच सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे लद्दाख दौरे पर हैं। वह लेह में सेना की तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। सेना प्रमुख ने आज कहा कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर हालात नाजुक हैं, लेकिन सेना सेना, चीन की चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तैयारी है। बता दें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रूस के तीन दिवसीय दौरे पर है। इस दौरान वह आज एससीओ की बैठक में शामिल होंगे।

# ग्रामीण अंचल




## संक्षेप समाचार

### उन्नत कृषि तकनीकों का प्रयोग कर मुनाफा कमा रहें यमुनापार के किसान

**करमा।** करमा सहित क्षेत्र के शिटकहिया, सहलोलवा, मनकवार, उमरी आदि गाँव के किसान नेनुआ, लौकी, कुंदरु, तरोई आदि की फसलें उत्कृष्ट विधियों से उगाकर अच्छा मुनाफा कमाने के साथ ही अन्य गाँवों के किसानों के लिए प्रेरणास्रोत बनें हुए हैं। शिटकहिया गाँव के एक किसान के मुताबिक उक्त फसलों कों बास, लकड़ी आदि की सहारे पहले पूरे खेत में एक ढांचा तैयार किया जाता हैं तत्पश्चात फसलों की लताओं कों उक्त मचान पर चढ़ा दिया जाता हैं जिसके वजह से अत्यधिक वर्षा इत्यादि प्रमुख कारणों से फसलों कों सूखने एवम नष्ट होनें से बचाया जा सकता हैं जों मुनाफा कमाने में काफी सहायक माना जाता हैं एक प्रश्न के जवाब में तमाम स्थानीय किसानों नें आलू, प्याज आदि की फसलों के लिए कालाबाजारी कों बताये जिम्मेदार बताये ।

## अनियंत्रित कार ने दो बाइक सवारों को मारी टक्कर, युवक सहित मासूम की मौत

**हादसे के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कार व कार चालक को हिरासत में ले लिया है**



**कोरांव।** थाना क्षेत्र के करपिया गांव में अनियंत्रित कार ने दो बाइक सवारों को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे एक बाइक पर बैठे तीन लोग जहां जख्मी हुए वहीं दूसरी बाइक पर बैठे एक 20 वर्षीय युवक तथा 5 वर्षीय मासूम बच्ची की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। हादसे के बाद पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी कोरांव में दाखिल कराया जहां पर एक व्यक्ति को इलाहाबाद रेफर कर दिया गया और मृतकों के शव को पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार शिव कुमार पुत्र महेश वर्मा, बाल्मीकि पुत्र बलराम निवासी बजड्डी नारीबारी थाना शंकरगढ़ अपनी बुआ के घर कोरांव थाना क्षेत्र के मिश्रपुर गांव बुधवार को ही आए हुए थे वे दोनों गुरुवार को अपने बुआ की नातिन मीनाक्षी 5 वर्ष को साथ लेकर अपने गांव बजड्डी शंकरगढ़ अपने घर जा रहे थे कि करपिया गांव के समीप अनियंत्रित मारुति सुजुकी कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें शिव कुमार व मीनाक्षी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बाल्मीकि बुरी तरह से घायल हो गया। इसी प्रकार इन लोगों को टक्कर मारने के बाद भाग रही कार ने एक दूसरी बाइक में भी जोरदार टक्कर मार दी जिसमें खीरी थाना क्षेत्र के कोलसरा गांव के अनिल, रामचंद्र और प्रमोद घायल हो गए हैं। हादसे के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने कार व कार चालक को हिरासत में ले लिया है।

## मऊआइमा थाने का सिपाही सहित आधा दर्जन निकले पाजिटिव

**मऊआइमा।** मऊआइमा में कोरोना का कहर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मऊआइमा थाने का एक सिपाही सहित आधा दर्जन कोरोना पाजिटिव पाए गए हैं। सभी को शहर के कोरोना हास्पिटल भेज कर गांव को सेनेटाजिंग किया जा रहा है। मऊआइमा में कोरोना का कहर अब गांव गांव फैल चुका है । मऊआइमा थाने का एक कांस्टेबल उम्र लगभग 25 वर्ष जिसकी डयूटी हरीसेनगंज स्थित बडौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक में थी । वह रोज शहर से बैंक डयूटी पर आता था और जाता था । तबीयत बिगड़ने पर जांच के पश्चात पाजिटिव पाए जाने पर सभी बैंक कर्मियों ने अपनी टेस्टिंग करायी । ग्राम सिसवां निवासी एक13 वर्ष का किशोर तथा ग्राम मरखामाऊ निवासी एक दम्पति कोरोना पाजिटिव पाए गए हैं । ग्राम बागी में 20 वर्षीय एक युवती पाजिटिव पायी गयी है । इसी प्रकार ग्राम तिलई महमदपुर में एक 16 वर्षीय युवती तथा एक 13 वर्षीय किशोर कोरोना पाजिटिव पाए गए हैं । सभी की ट्रेवल हिस्ट्री तलाश कर होम क्वालंटाइन किया गया है । शेष को शहर के कोरोना अस्पताल भेज दिया गया है ।स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा रोज गांव गांव जा कर टेस्टिंग की जा रही है।





## हाईकोर्ट समाचार

### सीएमओ कार्यालय में अनियमितता पर कार्रवाई की जानकारी न देने पर कोर्ट सख्त

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बलिया के सीएमओ कार्यालय में व्यापक अनियमितताओं की जांच की मांग में दाखिल जनहित याचिका पर मांगी गयी जानकारी न देने पर तल्ख टिप्पणी की है। कोर्ट ने कहा है कि पर्याप्त समय दिये जाने के बावजूद जानकारी नहीं दी गयी। ऐसा लगता है कि राज्य सरकार इसे हल्के में ले रही है और याचिका का विरोध करने में रूचि नहीं है। फिर भी कोर्ट ने जानकारी देने के लिए दो हफ्ते का और समय दिया है और कहा है कि यदि मांगी गयी जानकारी नहीं दी गयी तो कोर्ट इसे गंभीरता से लेगी। याचिका की अगली सुनवाई 17 सितम्बर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति शशिकान्त गुप्ता तथा न्यायमूर्ति शमीम अहमद की खंडपीठ ने हरेन्द्र नाथ त्रिपाठी की जनहित याचिका पर दिया है। याचिका पर अधिवक्ता अभिषेक चैहान ने बहस की। इनका कहना है कि याची ने सीएमओ कार्यालय में व्यापक अनियमितताओं की शिकायत जिलाधिकारी बलिया से की। जिस पर जांच कमेटी गठित की गयी। कमेटी की रिपोर्ट में शिकायत की पुष्टि करते हुए कार्यवाई की संस्तुति की है। बिना टेण्डर के एजेन्सियों को काम सौपने और भारी धनराशि का बंदरबांट किये जाने के आरोपों को सही पाया गया है। इसके बावजूद कोई कार्यवाई नही की जा रही है। जिस पर याचिका दाखिल की गयी है। कोर्ट ने अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल से इस सम्बंध में जानकारी मांगी थी। किन्तु कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गयी है। जिस पर कोर्ट ने कड़ा रूख अपनाया है।

### सहायक अध्यापक भर्ती फार्म की गलती सुधारने का मौका देने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सहायक अध्यापक भर्ती 2019 में आनलाइन फार्म भरने में याची से हुई तकनीकी खामियों के कारण हुई त्रुटि को दुरुस्त करने का मौका देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि काउन्सिलिंग पूरी की जाय। यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने संतकबीर नगर के धीरेन्द्र कुमार की याचिका पर दिया है। याची अधिवक्ता मयंक कृष्ण चंदेल का कहना था कि आनलाइन फार्म भरने में मामूली गलती हो गयी। जिसे आनलाइन दुरूस्त करने का प्रयास किया गया, किन्तु सफलता नहीं मिली। भर्ती कार्यालय में गलती सुधारने की अनुमति नहीं दी गयी। याची अधिवक्ता का कहना था कि सत्येन्द्र कुमार शुक्ल केस में कोर्ट ने ऐसी ही गलती सुधारने का मौका दिया है। जिस पर कोर्ट ने याची को त्रुटि ठीक करने का एक मौका देने का निर्देश दिया है।

### शाहगंज विधायक को नोटिस, सस्ते गल्ले की दुकान के निलंबन आदेश पर रोक

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जौनपुर जिले की शाहगंज तहसील के सलेमपुर गाव के निवासी उमा शंकर की सस्ते गल्ले की दुकान का लाइसेंस निलंबित करने के आदेश पर रोक लगा दी है। याची का कहना है कि स्थानीय विधायक के दबाव में बिना ठोस वजह के दुकान निलंबित की गयी है। कोर्ट ने शाहगंज के विधायक शैलेन्द्र यादव उर्फ ललई को नोटिस जारी कर व्यक्तिगत जवाब मांगा है। याचिका की सुनवाई 30 सितंबर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति के.जे ठाकर ने कोटेदार उमा शंकर की याचिका पर दिया है। याचिका पर अधिवक्ता अभिषेक कुमार यादव ने बहस की। दुकान के खिलाफ बेचू व राजेन्द्र ने शिकायत की। तहसीलदार की आख्या प्राप्त कर दुकान निलंबित किया गया। विधायक के दबाव में कार्यवाही की गयी है। जिसे कोर्ट ने गंभीरता से लिया है।

### डीजीपी को अवमानना नोटिस जारी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रदेश के पुलिस महानिदेशक एच.सी अवस्थी को अवमानना नोटिस जारी की है। कोर्ट ने 5 अक्तूबर तक आदेश के अनुपालन की रिपोर्ट या जवाबी हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति के.जे ठाकर ने मृगेन्द्र प्रताप सिंह व चार अन्य की अवमानना याचिका पर दिया है। याची अधिवक्ता राधे कृष्ण पाण्डेय का कहना है कि याचीगण पुलिस विभाग में कंप्यूटर आपरेटर के पद पर चयनित हुआ। कोर्ट ने डीजीपी को इनकी नियुक्ति पर दो माह में निर्णय लेने का निर्देश दिया था। आदेश की प्रति 21 दिसम्बर 19 को प्रत्यावेदन के साथ भेजा गया है। आदेश की अवहेलना करने पर यह अवमानना याचिका दाखिल की गयी है।

## डाक वाहन ने अधेड़ को मारी टक्कर नाजुक मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** सामान लेकर घर जा रहे अधेड को डाक पार्सल वाहन ने टक्कर मार दी जिससे अधेड की हालत गंभीर हो जाने पर प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम जमखुरी निवासी फसी उद्दीन 48 वर्ष पैदल हरिसेनगंज से सामान लेकर घर जा रहे थे ।बताया गया है कि तभी तेज रफ्तार से आ रही डाक पार्सल वाहन ने फसीह उद्दीन को जोरदार टक्कर मार दी । जिन्हें नाजुक हालत में प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है । घायल फसी उद्दीन के पुत्र मोहम्मद आसिफ ने डाक पार्सल चालक नाम पता अज्ञात के खिलाफ मऊआइमा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## सोशल आडिट प्रक्रिया से मनरेगा मजदूरों में आती है जागरूकता







उपस्थित प्रशिक्षुओं को संबोधित करती ब्लाक कोआर्डिनेटर सुनीता

**फूलपुर।** गांवों में मजदूरों को रोजगार की गारंटी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा लागू की गई।मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना गांव के सर्वांगीण विकास में बहुत ही उपयोगी सिद्ध हुई है।मनरेगा में कार्य की गुणवत्ता तथा पारदर्शिता के लिए सोशल ऑडिट जरूरी है।यह बातें फूलपुर विकासखंड के सभागार में आयोजित एक दिवसीय समवर्ती सोशल ऑडिट प्रशिक्षण कार्यशाला के उद्घाटन को संबोधित करते हुए खंड विकास अधिकारी फूलपुर सुभाष चंद्र त्रिपाठी ने शुक्रवार को कहीं।

सोशल ऑडिट निदेशालय लखनऊ द्वारा आयोजित समवर्ती सोशल ऑडिट एक दिवसीय कार्यशाला में प्रशिक्षु सोशल ऑडिट कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि जिला ग्राम विकास संस्थान के डीटीओ संजय कुमार ने कहा कि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना से कमजोर तबके के लोगों की आय में बढ़ोतरी के साथ साथ उन्हें गांव में ही सुलभ कार्य मिल रहे हैं। जिसकी पारदर्शी निगरानी के लिए आप सभी को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा रही है । उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना का प्रत्येक कार्य फाइलिंग से लेकर मजदूरी भुगतान सभी ऑनलाइन है फिर भी कार्य की गुणवत्ता तथा कार्यों की सतत निगरानी के लिए सोशल ऑडिट करना इस योजना को और अधिक पारदर्शी बनाता है। प्रशिक्षण को एडीओ समाज कल्याण प्रकाश पटेल ,एडीओ पंचायत राज बहादुर यादव, धनुपुर विकासखंड की कोऑर्डिनेटर रन्नो देवी, ग्राम पंचायत अधिकारी राम अवध यादव ने भी संबोधित किया।

## कप्तान साहब...आपकी बेलगाम पुलिस नही सुन रही गरीबों की फरियाद



**प्रयागराज।** मऊआइमा थाने में इन दिनों गरीब असहाय फरियादियों की फरियाद सुनने वाला कोई नहीं है मऊआइमा थाने की पुलिस इतनी बेलगाम हो गई है कि स्थिति यह है कि सैंया भए कोतवाल अब डर काहे को ठीक इसी तर्ज पर मऊआइमा पुलिस इन दिनों गरीब असहाय फरियादियों को थाने से धक्के मार कर बाहर निकाल रही है फरियाद सुनने की तो दूर लोगों को गालियों से नवाजा जाता है कुछ तो ऐसे हैं जो चोटिल होने के बाद भी सिर्फ मऊआइमा पुलिस सरकारी मजरूबी चिट्ठी पर मेडिकल तो करा देती है लेकिन मुकदमा लिखाने के लिए उस व्यक्ति को थाने का कई बार चक्कर लगाने पर मजबूर कर देते है मऊ आइमा पुलिस द्वारा घायलों का मजरूबी बना कर मेडिकल तो करा लिया जाता है लेकिन जांच का हवाला बताकर मुकदमा दर्ज करने में हीला हवाली करती है जिससे पीड़ितो में मऊआइमा पुलिस के प्रति आक्रोश उत्पन्न है और उनकी कार्यशैली पर सवाल उठ रहा है कि फरियादी मऊ आइमा थाने मे फरियाद लेकर आते हैं' तो उन्हें जांच का हवाला बताकर मुकदमा दर्ज करने से आनाकानी की जा रही है। पहली घटना 11 जुलाई की है जहां पर एक विवाहिता के साथ उस समय गैंगरेप होता जब वह शौच के लिए गई हुई थी पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी पुलिस महिला का मेडिकल कराती है लेकिन मुकदमा एक माह से अधिक होने पर भी नहीं लिखा गया। दूसरी घटना 21 अगस्त की है जहां पर एक गांव में

दहेज न मिलने पर विवाहिता को मिट्टी का तेल छिड़क कर जलाने का प्रयास किये जाने के मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं कर रही है ' विवाहिता अपने परिजन संग आरोपियों के खिलाफ 21 अगस्त को तहरीर दी थी ' पुलिस तीन आरोपियों को पकड़ कर थाने लाई और घायल विवाहिता का मेडिकल कराया गया पुलिस आरोपियों को चार दिन तक थाने में बैठा रक्खा लेकिन चार दिन बाद छोड़ दिया जाता है पीड़िता थाने का चक्कर लगाती रही लेकिन मुकदमा नहीं लिखा गया ।तीसरी घटना 23 अगस्त की है

अलावलपुर गांव में एक विधवा महिला को उसके पड़ोसी एक युवक ने मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया महिला थाने पहुंच कर तहरीर दी पुलिस मजरूबी चिट्ठी बनाकर महिला को सीएचसी ले गई जहां पर उसका मेडिकल कराया लेकिन अभी तक महिला थाने का चक्कर काट रही है लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया ।ऐसे ही हर रोज थाने का चक्कर काटने वालो की भीड़ लगी रहती है लेकिन सुनने वाला कोई नही है सूत्रों की माने तो प्रभारी निरीक्षक थाना मऊआइमा रामकेवल पटेल के द्वारा मुकदमा ना लिखने से क्राइम कंट्रोल की बात कही जा रही है जबकि जमीनी हकीकत यह है कि थाने के सामने बने पूर्व थाने की बिल्डिंग के परिसर में सुबह से शाम तक फरियादियों की भीड़ लगी रहती है जहां पर दलालों के माध्यम से एफ आई आर लिखाने की बात की जाती है ।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक थाना मऊआइमा रामकेवल पटेल से फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो उनका मोबाइल नाट रिचवल बता रहा था। लोगों का कहना है कि इस संबंध में मऊआइमा इस्पेक्टर के इस तानाशाही रवैया की शिकायत उच्च अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से की जाएगी ।

## पंचायत घर के लिए जमीन खाली कराने पहुंची राजस्व टीम व पुलिस से झड़प

**कोरांव।** विकासखंड कोरांव के अयोध्या गांव में पंचायत घर निर्माण के लिए जमीन खाली कराने पहुंची राजस्व टीम पुलिस व अतिक्रमण कताओं के बीच झड़प हो गयी। जिस प्रकरण में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया है। मामला यह था कि ग्राम पंचायत अयोध्या में पंचायत घर का निर्माण होना था जिसके लिए गांव की ही नवीन परती खाते की जमीन प्रशासन द्वारा चिन्हित की गई थी। जिस पर गांव के ही पद्माकर तिवारी के कुछ पेड़ व बास स्थित थे गुरुवार को राजस्व टीम पुलिस बल के साथ उक्त जमीन में स्थित पेड़ों को कटवाने का काम कर रहा था। इसी बीच पद्माकर तिवारी पक्ष के लोगों ने पुलिस से हाथापाई कर ली आरोप है कि चौकी इंचार्ज रामगढ़ ऋषिकेश शर्मा व कोरांव थाने के एक सिपाही के साथ बदसलूकी करते हुए लोगों ने मारपीट की। जिस मामले में पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्रवाई कर रही है। मामले में राजस्व टीम की ओर से आरोपियों के विरुद्ध तहरीर दी गई है समाचार लिखे जाने तक मुकदमा पंजीकृत नहीं हुआ था। पुलिस द्वारा मामले की जांच पड़ताल की जा रही थी। पद्माकर पक्ष की ओर से भी सुनीता देवी पत्नी अरुण कुमार तिवारी ने मामले में ऑनलाइन मुकदमा पंजीकृत कराने हेतु तहरीर दी है। आरोप है कि सुनीता पत्नी अरुण कुमार तिवारी थाने तहरीर देने गई थी किंतु उनकी तहरीर नहीं ली गई। पद्माकर तिवारी पक्ष का आरोप है कि तहसीलदार कोरांव के द्वारा उक्त जमीन के अलावा कहीं अन्यत्र पंचायत घर के लिए जमीन की पैमाइश करने का निर्देश दिया गया था बावजूद इसके राजेश्वर प्रशासन हुआ पुलिस जबरन उक्त भूमि पर स्थित पेड़ों को कटवाने का कार्य किया जिससे उक्त घटनाक्रम हुआ। उक्त प्रकरण में कोरांव थाने की दो महिला कांस्टेबलों के द्वारा गिरगोठा गांव से अपने ननिहाल आई अंजू पुत्री त्रिशूल को मारपीट कर घायल कर दिया। उसे थाने उठा ले आया गया। आरोप है कि काफी देर तक उसका मेडिकल भी नहीं कराया गया वह थाने पर ही बेहोश अवस्था में पड़ी रही। चर्चा थी कि पुलिस प्रशासन ने उत्पीड़न की कार्रवाई करते हुए घर की उन महिलाओं को भी हिरासत में ले लिया है जो मारपीट में शामिल नहीं थी लोगों का आरोप था कि पुलिस मामले में मनमानी कर रही है।

## शादी के तीन महीने में दहेज लोभियों ने विवाहिता को उतारा मौत के घाट

**करछना।** क्षेत्र के ग्राम सभा खजुरी गोसाई का पुरा में संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत महिला के पिता बृज बहादुर मौर्या ने दामाद पर लगाया दहेज हत्या का आरोप मांडा खास निवासी राज बहादुर मौर्य ने अपनी बेटी रौशनी 20 वर्ष की शादी तीन माह पहले 20 जून को करछना थाना क्षेत्र के गोसाईं का पुरा खजुरी के अभय राज के बेटे रंजित कुमार के साथ किया था । तीन माह बाद ही घटना हुई जिससे पिता की तहरीर के आधार पर पति के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया। जानकारी के अनुसार घटना सुबह लगभग 9 बजे के आसपास की है मायके पक्ष के लोगों को जानकारी हुई तो करछना थाना क्षेत्र के खजुरी गोसाई का पुरा पहुंचे तो देखा की रोशन देवी मृत चारपाई पर बाहर पड़ी थी और छत पर बने मकान में दरवाजे की कुंडी टुटी पड़ी थी जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी समझौते की बात चीत चल रही थी लेकिन काफी देर बाद तक प्रयास किया गया मायके पक्ष का आरोप है कि इसी बीच ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा मारपीट करने की कोशिश की गई जिसके बाद सुचना पुलिस को दी गई थाना प्रभारी सुरेन्द्र कुमार वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी एसडीएम करछना व सीओ करछना को दी सीओ करछना ,नायब तहसीलदार करछना मौके पर पहुंचे और मायके पक्ष से बातचीत की और तहरीर के आधार पर पति के उपर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## टेवल फैन में करेंट उतरने से महिला की मौत

**करछना।** थाना क्षेत्र के डीहा गांव में बिजली का करेंट छू जाने से महिला की मौत हो गई ।जानकारी के मुताबिक डीहा गांव के पवन यादव की पत्नी आरती यादव 30वर्ष शुक्रवार सुबह अपने घर के कमरे में झाडू लगा रहीं थीं कमरे के अन्दर रक्खा टेवल फैन को एक स्थान से दूसरी जगह रखने के दौरान पंखे में उतरे बिजली के करेंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर मौत हो गई ।परिजनों को भनक लगते बिजली के करेंट को लाइन अलग करके उसे अलग किया ।महिला की मौत से घर में कोहराम मच गया मृतका के एक वर्ष की बच्ची भी हैं । हालांकि मृतका का पोस्ट मार्टम नहीं कराया गया ।जिसका देर शाम को गंगा के डीहा घाट पर अन्तिम संस्कार कर दिया गया।

## मकान का ताला तोड़,नगदी समेत लाखों की चोरी



टूटा आलमारी का लॉकर

**शंकरगढ़।** बेखौफ, शातिर चोरों ने ताला तोड़ कर लाखों के जेवरात और नगदी पर से हाथ साफ कर दिया। चोरी के दरम्यान शातिरों ने घरवालों के कमरे में बाहर से कुंडी लगा दी, ताकि जरूरत पड़ने पर वहां से निकला जा सके। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।भुक्तभोगी के मुताबिक चोर पीछे के रास्ते से अंदर दाखिल हुए थे। शंकरगढ़ क्षेत्र के शिवराजपुर, बेनीपुर निवासी दीपचंद्र केसरवानी पुत्र रामलाल केसरवानी ने बताया कि स्थानीय चौराहे पर कंचन सुहाग सेंटर के नाम से दुकान चलाते है।गुरुवार की रात वह दुकान बंद कर अपने घर आए और खाना खाने के बाद परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर के एक कमरे में सोने चले गए। सुबह लगभग 6.30 बजे जब सोकर उठे तो देखा कि उनके कमरे के दरवाजे में बाहर से कुंडी लगी है। वह और परिवार के अन्य सदस्य कैद थे। उन्होंने किसी तरह दूसरे की मदद से दरवाजा खुलवाया। जब वह दूसरे कमरे में पहुंचे, तो देखा कि आलमारी और लॉकर का ताला टूटा हुआ है और सामान बिखरा हुआ है, लाखों रुपये के जेवरात और नगदी गायब है। उन्होंने बताया कि लॉकर के अंदर टिफिन रखा था, जिसमें गहना समेत पचास हजार रुपया नगद भी रखा था। भुक्तभोगी के अनुसार चोर इतने शातिर थे कि उन्होंने आस पास रखे अन्य सामानों को बिल्कुल नहीं छुआ। सिर्फ सोने, चांदी के आभूषण और नगदी पर ही नजर रखी और सारा सामान लेकर फरार हो गए। इस दौरान घर के लोगों को भनक तक नहीं लगी। सुबह सोकर उठे तो यह सब नजारा देख होश उड़ गए। भुक्तभोगी के अनुसार गहने में ढाई तोले का हार, बिंदी, मंगलसूत्र, अंगूठी व अन्य आभूषण था और करीब चार लाख रुपये की चोरी हुई है।भुक्तभोगी ने तुरंत 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी है।

## सोशल वर्कर महिलाओं को बना रहे आत्मनिर्भर

**प्रयागराज।** महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के क्रम मे शुक्रवार को अशोक नगर की निवासी लल्ली गुप्ता पत्नी स्व० जितेन्द्र गुप्ता जिनकी मृत्यु के बाद से परिवार कि आर्थिक स्थिति बेहद खराब होने के कारण उनको स्वरोजगार से जोड़ते हुए आज लिफाफा बनाने के लिए पुराने अखबार व किताबें दी गयी। इसी प्रकार एक लिफाफा (थैला) बनाकर बताया गया। जिसे बनाकर बेंच के अपना जीवन यापन करने मे उनको कुछ मदद मिल सके। इस कार्यक्रम मे विज्ञान? फाउंडेशन कि अनुराधा जी, उम्मीद- एक मुहिम बदलाव की संस्था के अध्यक्ष रवि कुमार 'लेखक' जी, महासचिव राहुल देव जी व बस्ती की सरस्वती देवी,शोभा देवी,संगीता भी मौके पर मौजूद रहीं ।



महिलाओं को आवश्यक सामग्री वितरित करते हुए

## संक्षेप समाचार

### प्रधान डाकघर में आधार बनाने को खोले गए दो काउंटर

**प्रयागराज।** कोरोना काल में लोगों की सहूलियत के लिए प्रधान डाकघर में आधार बनाने के दो काउंटर खोले गए हैं। दो काउंटर खोलने का मुख्य उद्देश्य है कि लोगों को लाइन में नहीं लगना पड़ेगा और सोशल डिस्टेंसिंग के बीच आधार आसानी से बन जाएगा। कोरोना वायरस के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए एक दिन में 40 लोगों के आधार बनाने की सुविधा शुरू की गई है। सीनियर पोस्टमास्टर आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि एक काउंटर खुलने से आधार कार्ड के लिए मारामारी होती थी। इसलिए दो काउंटर खोलने की सुविधा शुरू कर दी गई है। अलग-अलग स्थानों के 32 डाकघरों में आधार बनाने की सुविधा दी जा रही है। बिना मास्क के आधार कार्ड बनवाने जो आएगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# असलहों की तस्करी में दो गिरफ्तार, दो रिवाल्वर समेत दस असलहे बरामद

**प्रयागराज।** असलहों की तस्करी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए शुक्रवार को यमुनापार की एसओजी टीम और लालापुर थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। टीम ने तस्करों के कब्जे से दो रिवाल्वर एवं आठ तमंचा और कारतूस एवं चोरी की एक बाइक बरामद किया।

पकड़े गए आरोपितों में करेली थाना क्षेत्र के गौसनगर निवासी फैज उर्फ फैज्जू पुत्र रियाज और इसका सहयोगी करछना क्षेत्र के खाई गांव निवासी मंगल पासी पुत्र मूलचन्द्र है। उक्त जानकारी देते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीक्षित ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ जनपद के लालापुर, झूंसी करेली समेत अन्य थानों में आपराधिक मुकदमें दर्ज है। अपराधियों पर कड़ी नजर रखने एवं फरार चल रहे अपराधियों का कड़ा निर्देश जारी किया था। जिसके तहत





बरामद असलहे व मामले का खुलासा करते एसएसपी अभिषेक दीक्षित

अपर पुलिस अधीक्षक यमुनापार चक्रेश मिश्र के नेतृत्व में यमुनापार एसओजी प्रभारी वृन्दावन राय एवं थानाध्यक्ष लालापुर अमित राय की टीम लगी हुई थी। प्रतापपुर मार्ग के समीप दोनों युवकों को गिरफ्तार किया गया। उनके कब्जे से दो रिवाल्वर, आठ तमंचा, कई कारतूस, चोरी की मोटर साइकिल बराद किया। पूंछताछ के दौरान पुलिस टीम से बताया कि असलहा बनाने के साथ ही बेचने का करते है। उससे जो पैसा कमाते है, उससे ऐश करते हैं। पुलिस ने दोनों अपराधियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

### प्रयागराज से नशीली दवाओं की एमपी हो रही सप्लाई

**प्रयागराज।** खुल्दाबाद में छापेमारी के दौरान बरामद नकली सिरप के मामले में पुलिस को नई जानकारियां मिली हैं। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह प्रयागराज से नकली नशीली सिरप और इंजेक्शन की सप्लाई मध्य प्रदेश के रीवा समेत विभिन्न जनपदों में करता है। पिछले करीब चार साल से यह धंधा चल रहा है। धंधे से जुड़े करीब आधा दर्जन लोगों के नाम की भी जानकारी हुई है। पुलिस इस मामले में मुकदमा दर्जकर जांच कर रही है। पुलिस ने इस मामले में शाहगंज निवासी फैजल खान को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ स्वापक औषधि अनिधियम और मन प्रभावी पदार्थ अधिनियम, औषधि और प्रसाधन सामग्री अधिनियम समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी ने अतरसुइया में अपना गोदाम बनाया था। उसके दवाओं के भंडारण के लाइसंस भी नहीं हैं।

# कर्मचारी की सेवाकाल में मौत पर परिवार को ग्रेच्युटी पाने का अधिकार : हाईकोर्ट

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि यदि कर्मचारी की सेवा काल के दौरान मृत्यु हो जाती है तो उसका परिवार ग्रेच्युटी पाने का अधिकारी है। ग्रेच्युटी को इस आधार पर नहीं रोका जा सकता कि कर्मचारी ने रिटायरमेंट का विकल्प नहीं दिया था।

बदायूं की सरोज कुमारी, बरेली की रेशम प्यारी और पीलीभीत की प्रेमवती देवी की याचिकाओं पर अलग-अलग सुनवाई करते हुए यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने दिया।

याचीगण के अधिवक्ता का कहना था कि तीनों याचियों के पति बेसिक शिक्षा विभाग में





सहायक अध्यापक के पद थे। सेवा काल के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। विभाग ने अन्य सभी भुगतान कर दिए। मगर ग्रेच्युटी का भुगतान यह कहते हुए नहीं किया गया कि रेशम प्यारी के पति ने 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्ति का विकल्प नहीं भरा था और विकल्प पर कोई तिथि भी अंकित नहीं थी। इसी प्रकार से सरोज कुमारी और प्रेमवती देवी के पतियों पर भी विकल्प न भरने की बात कहते हुए ग्रेच्युटी का भुगतान रोक दिया गया था। अधिवक्ता का कहना था कि तीनों मामले में यह तथ्य है कि याचीगण के पतियों की मृत्यु सेवानिवृत्ति से पूर्व हो गई। इस मामले को हाईकोर्ट ने उषा रानी केस में पहले ही तय कर दिया है कि सेवा काल के दौरान मृत्यु होने पर ग्रेच्युटी देय होगी। कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार करते हुए याचियों को तीन माह के भीतर ग्रेच्युटी का भुगतान करने का निर्देश दिय है।

### टीजीटी भर्ती में शामिल अभ्यर्थियों की नियुक्ति मामले में बोर्ड को निर्णय निर्णय लेने का निर्देश

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने टीजीटी भर्ती 2011 की प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने के मामले में माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड को तीन माह में नियमानुसार निर्णय लेने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि याचीगण अपना प्रत्यावेदन बोर्ड को दें और बोर्ड उस पर उचित निर्णय लेकर उनको अवगत कराए। कौशलेश चंद्र और चार अन्य की याचिका पर न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने सुनवाई की। याचीगण के अधिवक्ता का कहना था कि टीजीटी भर्ती 2011 के विज्ञापन के तहत याचीगण ने हिंदी, संस्कृत और विज्ञान विषयों के लिए आवेदन किया था। आठ अप्रैल 2019 को मेरिट लिस्ट जारी की गई। लिस्ट की प्रतीक्षा सूची में याचीगण का नाम शामिल है। उन्होंने चयन बोर्ड को नियुक्ति के लिए प्रत्यावेदन भी दिया मगर उनके प्रत्यावेदन पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। कोर्ट ने याचीगण को कोर्ट के आदेश की प्रति के साथ नए सिरे से प्रत्यादवेदन देने का निर्देश दिया है और बोर्ड को इस तीन माह में उचित निर्णय लेने के लिए कहा है।

## अतीक के करीबी आसिफ दुर्रानी की गिरफ्तारी पर रोक

**प्रयागराज।** माफिया पूर्व सांसद अतीक अहमद के करीबी आसिफ दुर्रानी की गिरफ्तारी पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। आसिफ के खिलाफ करेली थाने में पशु क्रूरता, गो वध अधिनियम और आईपीसी की अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज है। आसिफ ने प्राथमिकी को हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर चुनौती दी थी। याचिका पर न्यायमूर्ति मनोज मिश्र और न्यायमूर्ति अनिल कुमार की पीठ ने सुनवाई की। याची के अधिवक्ता का कहना है कि उस पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। प्राथमिकी में बताई गई घटना से उसका कोई लेना देना नहीं है। घटना जहां हुई वह उसका घर नहीं है। याची को मौके से गिरफ्तार कर अभियुक्त के बयान के आधार पर नामजद किया गया है। कोर्ट ने प्राथमिकी रद्द करने से इंकार करते हुए विवेचना जारी रहने तक याची को गिरफ्तार नहीं करने का आदेश दिया है।

# तालाब में डूबने से किसान की मौत

**प्रयागराज।** हण्डिया थाना क्षेत्र के वार्ड नम्बर एक में स्थित तालाब में डूबने से शुक्रवार दोपहर एक किसान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की। वार्ड नम्बर एक के निवासी विनोद कुमार (25) पुत्र स्वर्गीय राजकुमार तीन भाई पांच बहनों में सबसे बड़ा था। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी व बच्चे की छह माह पूर्व बीमारी के चलते मौत हो गई। वह घर की खेती से खर्च चलाता था। शुक्रवार को विनोद पशुओं के लिए चारा काटने घर से निकला और गांव के बाहर स्थित तालाब के किनारे घास काटने लगा। बताया जाता है कि अचानक उसका पैर फिसल गया, जिससे वह गहरे पाने में गिर गया। जहां उसकी डूबने से मौत हो गई। जब वह काफी देर तक घर वापस नहीं लौटा तो उसके परिवार के लोग खोजबीन करने लगे। खोजते हुए जब परिवार के लोग तालाब के पास पहुंचे तो उसका कपड़ा एवं चप्पल तालाब के पास रखा थी। आशंका होने पर तालाब में उसकी खोजबीन करने लगे। कुछ देर बाद उसका शव पाया गया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई की।

# डीएम ने किया जनपद में चल रही योजनाओं के प्रगति की समीक्षा, दिये निर्देश

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी ने शुक्रवार को संगम सभागार में जनपद में चल रही योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने जनपद की सड़कों को गड्ढ़ामुक्त बनाने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये और कहा कि बरसात के दौरान जहां कहीं भी गड्ढ़े है, उनको तत्काल पैचिंग कराकर दुरूस्त करें साथ ही जनपद में चल रहे सड़कों के निर्माण कार्य को ससमय पूरा कराने को कहा। जिलाधिकारी ने अमृत योजना के तहत कराये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस योजना के तहत कराये जा रहे कार्यों को समय से पूरा करें, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जायेगी। भारद्वाज आश्रम एवं चन्द्रशेखर पार्क में कराये जा रहे कार्यों में मानक के अनुरूप प्रगति न होने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को कार्य की गति बढ़ा कर जल्द से जल्द कार्य को पूरा कराने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा की करते हुए जिलाधिकारी ने योजना के तहत शेष कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिये। 50 लाख रुपए से अधिक की जनपद में चल रही योजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मोतीलाल नेहरू कालेज में चल रहे निर्माण कार्य में हो रही देरी पर नाराजगी जतायी साथ ही निर्देश दिये कि 50 लाख रुपए से अधिक की सभी योजनाओं में तेजी लाकर योजनाओं को शीघ्रता से पूरा कराया जाये साथ ही प्रगति



विभागीय अधिकारियों संग समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी

रिपोर्ट से अवगत कराने को भी कहा। एसआरएन में फायर एलार्म का कार्य पूर्ण न होने पर कड़ी नाराजगी जताते हुए निर्देशित किया इस कार्य को अगले 10 दिनों के अंदर पूरा कराकर हमें अवगत करायें। आवास विकास परिषद के द्वारा कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने राजकीय महाविद्यालय मेजा में चल रहे कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने को कहा। इसी प्रकार पर्यटन विकास द्वारा कराये जा रहे भैरव बाबा मंदिर महेवा एवं लाक्षागृह में पर्यटन के सम्बंध में कराये जा रहे कार्यों को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिये। जल निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए डोर-टू-डोर नल कनेक्शन के कार्यों की प्रगति के बारे में साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल योजना के तहत पानी की टंकियों के निर्माण कार्य को तीव्र गति से गुणवत्ता पूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश जल निगम के अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने जनपद में गौशाला निर्माण के कार्यों के बारे में जानकारी लेते हुए चल रहे निर्माण कार्य को जल्द पूरा कराने के निर्देश दिये।

# जमीनी नेताओं को टिकट देगी कांग्रेस पार्टी

**प्रयागराज।** प्रयागराज में संगठन सृजन अभियान' के क्रम मे शुक्रवार को गंगापार जिला अध्यक्ष राम किशुन सिंह पटेल के नेतृत्व में कौड़िहार ब्लॉक में बैठक संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव व पूर्वी जोन प्रभारी पूर्व सांसद राकेश सचान रहें। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महासचिव ने कहा कि - राष्ट्रीय महासचिव व यूपी की प्रभारी प्रियंका गाँधी जी ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को नए सिरे से खड़ा करने के लिए हर जाति धर्म के नौजवानो का चयन किया हैं' जो उत्तर प्रदेश के हर जनपद में सामाजिक न्याय के आधार संगठन खड़ा करने की जिम्मेदारी सौंपी है। क्योकि अब कांग्रेस का टिकट का दिल्ली लखनऊ परिक्रमा करने वालों को नहीं मिलेगी। उन कार्यकताओं को महत्व





बैठक में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी

दिया जाएगा जो जमीनी स्तर के कार्यकर्ता हैं समाज के हर वर्ग के सुख दुख में शामिल हैं। प्रदेश सचिव सुशील पासी ने कहा कि अब प्रदेश का दलित कांग्रेस की ओर लौट रहा है और 2022 में सामाजिक परिवर्तन की महानायिका प्रियंका गाँधी जी के नेतृत्व में यूपी में सरकार बनाने का मन बना चुका हैं । हमारा संगठन जैसे ही बनकर तैयार होगा सपा बसपा चुनावी लड़ाई से बाहर हो जाएंगी । 2022 का चुनाव कांग्रेस बनाम भाजपा होगा । कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष हरदेव सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन दिनेश चंद्र विश्वकर्मा ने किया ।

इस अवसर पर गंगापार जिला अध्यक्ष राम किशुन सिंह पटेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी शुरू से ही मजदूरों दलितों समाज में दबे कुचले लोगों के साथ खड़ी रहती है, रहती थी, रहेगी । हकीकत में सबका साथ सबका विकास कांग्रेस पार्टी में ही है। प्रियंका गांधी के नेतृत्व में अब टिकट बंटवारे का काम नीचे का संगठन करेगा।

बैठक में जिला गंगा पार जिला अध्यक्ष राम किशुन पटेल, जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश तिवरी, जिला प्रवक्ता डॉ अजय प्रकाश सरोज, महासचिव ओम प्रकाश सरोज, जिला महासचिव शादाब अहमद, संतोष सिंह, अशोक मिश्रा, खुशनवेदा फारूकी अध्यक्ष जिला महिला कांग्रेस, जिला सचिव विजय सिंह पटेल, दिवाकर भारतीय, अजीत भारतीय, विनोद तिवारी, पूर्वी कुर्मी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख, कांग्रेस नेता सुरेश यादव, अनिल पांडेय, सुनील यादव, चंद्रजीत यादव, प्रभाकर बनकटा, महबूब आलम राइन, मनोज पासी, अरुण पटेल, योगेश पटेल, जंगबहादुर पटेल, अनवर अली मंसूरी, जगत नारायण मिश्रा, दिलीप तिवारी, डॉ राजेश श्रीवास्तव, राकेश पटेल, कांग्रेस नेता आरबी पटेल, डॉ सुधीर रॉय, ननकऊ पटेल, रामजी विश्वकर्मा आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

## पीसीएस मुख्य परीक्षा बाईस सितम्बर से

**प्रयागराज।** लोक सेवा आयोग ने पीसीएस 2019 की मुख्य परीक्षा 22 से 26 सितंबर तक दो पालियों में करने का निर्णय लिया है। जिसमें 474 पदों के लिए 6320 उम्मीदवार परीक्षा में शामिल होंगे। आयोग से मिली जानकारी के अनुसार प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम 17 फरवरी को जारी किया गया था। कोरोना के कारण परीक्षार्थियों को कम यात्रा करनी पड़े इसके लिए पहली बार गाजियाबाद को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इससे पहले मुख्य परीक्षा प्रयागराज एवं लखनऊ जिले में ही होती रही है। मुख्य परीक्षा के प्रथम दिन पहली पाली में 9:30 से 12:30 के बीच अनिवार्य प्रश्न पत्र सामान्य हिंदी जब कि दूसरी पाली में 2 से 5 के बीच निबंध की परीक्षा होगी। 23 एवं 24 सितंबर को पहली पारी 9:30 से 12:30 के बीच एवं दूसरी पाली 2 से 5 के बीच क्रमशः सामान्य अध्ययन प्रथम द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ प्रश्नपत्र की परीक्षा होगी। पहले तीन दिन अनिवार्य प्रश्न पत्र की परीक्षा के बाद 26 सितंबर को परीक्षार्थियों के सुरक्षित प्रश्नपत्र की परीक्षा दो पारियों में होगी। आयोग की ओर से सीसैट लागू किए जाने के बाद मुख्य परीक्षा में एक स्वैच्छिक प्रश्न पत्र किए जाने के बाद अब मुख्य परीक्षा मात्र चार दिन में हो रही है।





# एएमए ब्लड बैंक को प्लाज्मा लेने की अनुमति

**प्रयागराज।** इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन के ब्लड बैंक को प्लाज्मा लेकर स्टोर करने की अनुमति मिल गई है। गुरुवार को केंद्र सरकार की ओर से ब्लड बैंक को इसका लाइसेंस दिया गया। ब्लड बैंक के चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल ने इसकी पुष्टि की है। प्रदेश के केवल दो प्राइवेट ब्लड बैंकों को ही यह सुविधा दी गई है। दूसरा ब्लड बैंक बरेली का है।

कोरोना के गंभीर मरीजों को प्लाज्मा थेरेपी देने में इसका उपयोग किया जा रहा है। अध्ययन के मुताबिक बड़ी संख्या में कोरोना संक्रमित गंभीर मरीजों को प्लाज्मा थेरेपी देकर उन्हें स्वस्थ किया गया। इसी क्रम में एएमए के ब्लड बैंक को प्लाज्मा लेकर उसे स्टोर करने की अनुमति मिल गई है। ब्लड बैंक की ओर से प्रदेश सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था। वहां से अनुमोदन होने के बाद केंद्र सरकार ने गुरुवार को इस पर अपनी सहमति दी। डॉ. युगांतर पांडेय ने बताया कि कोरोना से ठीक हुए लोग ही अपना प्लाज्मा दे सकते हैं। 18 से 60 साल की उम्र के बीच के ठीक हुए लोग निगेटिव आने के 21 दिन बाद से चार माह के भीतर अपना प्लाज्मा दान कर सकते हैं। फिलहाल अभी इसकी कीमत तय नहीं है। लेकिन बताया जा रहा है कि एक यूनिट प्लाज्मा नौ से दस हजार रुपये के बीच पड़ेगा।

# शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती ने किया रामलला के दर्शन

**प्रयागराज।** सनातन धर्म के प्रति घोर आस्था, भारत की निष्पक्ष निर्भीक न्यायिक प्रक्रिया और देश के अंदर सभी वर्ग व विचारधारा के लोगों की आपस में सद्भावना ने ही अयोध्या में भगवान राम के मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। जो सनातन धर्म के प्रति आस्था का परिणाम है अयोध्या का राम मंदिर। उक्त विचार श्रीमद्ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य एवं श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती ने शुक्रवार को अयोध्या यात्रा से लौटकर अपने अलोपी बाग स्थित श्री ब्रह्म निवास में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भगवान राम



संतों के साथ अपने विचार रखते शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती

मंदिर निर्माण प्रारंभ करने में विलम्ब होना ठीक था, लेकिन आपस में दुर्भावना का बने रहना ठीक नहीं था। ज्योतिष्पीठ के प्रवक्ता ओंकार नाथ त्रिपाठी ने बताया कि शंकराचार्य स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती का संतों एवं भक्तों का समूह प्रातः 8:30 बजे ब्रह्म निवास से चलकर अयोध्या पहुंचा। जहां प्रभु श्री राम लला के दर्शन पूजन व परिक्रमा किया। इसके बाद भूमि पूजन स्थल पर गए, जहां श्रीरामशिला अर्पित किया। तत्पश्चात कारसेवकपुरम पहुंचकर निरीक्षण किया। श्रीराम जन्मभूमि स्थल तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय से मिलकर प्रयाग वापस आ गए। इस दौरान शंकराचार्यजी के साथ दंडी स्वामी ब्रह्मानंद (हैदराबाद), दंडी स्वामी जितेंद्रानंद, आचार्य विपिन, सीताराम शर्मा (जयपुर), मनीष, धनंजय बाबा, बंगाली बाबा सहित बीस संत थे।

**अखण्ड भारत संदेश** के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम कियायोग आश्रम एवं अनुसंधान सस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

**मुद्रक/प्रकाशक**

**स्वामी श्री योगी सत्यम**

पी0आर0बी0 एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं0: UPHIN2001/9025




# क्रियायोग सन्देश



प्रयागराज शनिवार, 5 सितम्बर, 2020

## क्रियायोग विधि से ब्रह्मांड की करें पंचकोसी परिक्रमा




प्रभु (परब्रह्म) से मिलना हम सब का लक्ष्य हैं जिसके लिए हमें वैज्ञानिक तरीके से प्रभु को खोजना चाहिए। परमात्मा (प्रभु) को खोजने की क्रियायोग प्राचीनतम एवम् नवीनतम वैज्ञानिक प्रविधि है। प्रभु क्या है, कौन है, कैसे हैं, प्रभु कहाँ हैं? प्रभु का अस्तित्व संपूर्ण ज्ञान, शक्ति, परम आनंद, परम शांति, अमरता, सर्वव्यापकता का रूप है। प्रभु एक है, और अनेक भी है। प्रभु का पहला रूप देवता का रूप है (आनंदमय कोश)। देवता इसी कोश में होते हैं जो सत्य और अहिंसा के सिद्धांत पर जीवन व्यतीत करते हैं। वह किसी को कष्ट नहीं देते हैं। प्रभु का दूसरा क्रिएशन मानव (ज्ञानमें कोश) है, जो राग द्वेष में रहते हैं। तीसरा क्रिएशन जीव जंतु का रूप (मनोमय कोश) है, जिसमें वायरस, बैक्टीरिया और सारे जानवर आते हैं। चौथा क्रिएशन वनस्पतियां का जगत (प्राणमय कोश) है और पांचवा क्रिएशन अणु परमाणु का जगत (अन्नमय कोश)। ऐसे ही परमात्मा पांच कोश के रूप में है।




प्रभु को जानने का मतलब है कि हम पांच कोश के बारे में जान लें , उनको बना लें, सुरक्षा कर लें और उनमे परिवर्तन करलें। हम इससे कैसे करेंगे? इसमें बहुत समय लगेगा।

इसके लिए हमें वैज्ञानिक तरीके से सारी क्रिएशन की परिक्रमा करनी होगा। इसका मतलब है कि हम क्रिएशन में एकाग्रता बढ़ाकर उनके बारे में जानें। जैसे एटम (Atom) में एकाग्रता बड़ा कर उसके बारे में ज्ञान पाएं, जब हम यह सिद्ध कर लेते हैं ' की आधी और अंत एक है, तो हमारी परिक्रमा हो गई। जब किसी दो के बीच दूरी शून्य हो जाती है, तब वह सर्वव्यापी है। ऐसे ही जब हम पंचकोशी परिक्रमा करें गें तब हम सारी रचनाएं के बारे में जान लेंगे।

सिर से पैर हमारा स्वरूप मैं पांचो कोश उपस्थित है। जब हम अपने स्वरूप में एकाग्रता बढ़ाते हैं, तब हम पांच कोश के बारे में ज्ञान पाते हैं। इस अभ्यास को पंचकोशी परिक्रमा कहा जाता है। क्रिया योग अभ्यास पंचकोशी परिक्रमा का वैज्ञानिक अभ्यास है।

## KRIYAYOGA: THE FASTEST WAY TO KNOW ABOUT ALL CREATION ( PANCHKOSHI PARIKRAMA )

**KRIYAYOGA IS SCIENTIFIC PRACTICE OF PANCHKOSHI PARIKRAMA** The aim of our life is to experience God. Kriyayoga is the ancient and ever new scientific method to seek and experience God.

The fastest way to experience God is through application of this scientific technique in daily life. What is God? Who is God? Where is God? The Nature of God is Omniscient, Omnipotent, Omnipresent, Immortal, Eternal, Bliss, Peace... God is formless, one, undivided and also has the power to manifest into countless forms. Through His Power of Repulsion, He has manifested into five layers ( Koshas ).The first layer of God is that of Angels (Anandamaya kosh). Angels are those who live life based on the principle of Truth and Non-violence and do not cause problems for others. The next layer of God is that of Humans (Gyanamaya kosha). Humans live life with attachments and aversions. The third layer is that of animals (Manomaya Kosh), where we can find viruses, bacteria and all the different types of animals. The fourth layer of God is that of plants (Praanmaya Kosha). The last and outer most layer of creation is that of Atoms and Molecules (Annamaya Kosha). In this way, God has manifested in the form of the five layers (koshas). To know God, we must know about all the five layers (koshas). We have to know how to create them, how to maintain and preserve them and how to bring changes in them. If we are to study about each kosha thoroughly, it will take a significant amount of time. So, what is the quickest method to know about all the Koshas?




FILE PHOTO

To know about the five Koshas ( panch kosha ), we have to perform Panchkoshi Parikrama. This means that we have to place our concentration around (parikrama) all the different layers (koshas) to experience complete oneness with them. For example, if we want to know about atoms and molecules, we have to place our concentration on the Atoms and Molecules so that we can have an in-depth understanding and perception of them. Through our study and practice , when we are able to prove that there is no distance among creations of cosmos, then we should know this is the best service to our human race.

By practising Kriyayoga, we perform what is known as Parikrama.

Our concentration around each point of our existence will enable us to realize that each point is an Omnipresence consciousness.

In this way, when we perform Panchkoshi Parikrama scientifically, then we will know about all the various forms of creation.

The nearest place to us is our visible structure of head to toes. In this nearest place, all creation is present. In other words, the five koshas (layers of creation) can be perceived within. When we increase concentration on our head to toes, we will attain knowledge about the five koshas. The practice of Kriyayoga is the scientific practice of Panchkoshi Parikrama.